# Comparision of Swiss Federal Supreme Court with American Supreme Court.

स्विट्जरलैण्ड और अमेरिका दोनों संघात्मक शासन व्यवस्था वाला देश है इसलिए दोनों देशों की न्यायिक व्यवस्था के बारे में सोचा जा सकता है कि यह एक ही समान होगा परन्तु वस्तुतः दोनों के संगठन और शक्तियों में महत्वपूर्ण अन्तर है, जिसका अध्ययन निम्न प्रकार से किया जा सकता है—

1. संगठन में भिन्नता - स्विट्जरलैण्ड में संघीय न्यायालय के न्यायाधीशों का निर्वाचन संघीय सभा करती है, लेकिन अमेरिका में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति सीनेट की सहमति से राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

स्विट्जरलैण्ड और अमरीका में न्यायाधीशों के कार्यकाल को लेकर संवैधानिक व्यवस्था में अन्तर है। अमरीकी सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्ति के बाद सदाचार पर्यन्त अपने पद पर बने रहते हैं, परन्तु स्विट्जरलैण्ड में संघीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश केवल छः वर्षों के लिए निर्वाचित किये जाते हैं। यहाँ यह उल्लेखनीय है स्विस शासन व्यवस्था में पुनर्निर्वाचन की परम्परा होने के कारण स्विस न्यायाधीशों का कार्यकाल भी वस्तुतः सदाचार पर्यन्त हो गया है।

अमरीकी संविधान शक्ति-पृथक्करण और अवरोध एवं संतुलन के सिद्धान्त पर आधारित है इस कारण अमरीकी सर्वोच्च न्यायालय कांग्रेस और कार्यपालिका से पूर्णतया पृथक रहते हुए कार्य करता है। परन्तु स्विट्जरलैण्ड में संघीय सर्वोच्च न्यायालय संघीय संसद के अधीन में कार्य करती है और उसे अपने कार्यों की वार्षिक रिपोर्ट संघीय संसद के सम्मुख प्रस्तुत करनी होती है। अमरीका में जहाँ सर्वोच्च न्यायालय को अपने निर्णयों को लागू करने के लिए सक्षम पदाधिकारी होते हैं वहीं स्विस संघीय सर्वोच्च न्यायालय के पास अपने निर्णयों को लागू करने के लिए अपना कोई पदाधिकारी नहीं है।

Scanned with CamScanner

2. अधिकार क्षेत्र में भिन्नता -

(i) प्रशासनिक क्षेत्र में - अमरीका में संघीय न्यायालय को प्रशासनिक न्याय सम्बन्धी शक्तियां प्राप्त नहीं हैं। वहाँ प्रशासनिक विवादों के सम्बन्ध में निर्णय साधारण न्यायालय द्वारा दिया जाता है। परन्तु स्विट्जरलैण्ड में संघीय न्यायालय को प्रशासनिक विवादों के सम्बन्ध में अधिकार क्षेत्र प्राप्त है।

(ii) संवैधानिक क्षेत्र में - स्विट्जरलैण्ड के संघीय न्यायालय तथा अमरीकी संघीय न्यायालय में संवैधानिक अधिकार क्षेत्र को लेकर काफी विषमता है। किसी भी देश के सर्वोच्च न्यायालय और विशेषतया संघीय प्रकृति के राज्य के सर्वोच्च न्यायालय के लिए प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र की अपेक्षा संवैधानिक अधिकार क्षेत्र ही अधिक महत्व रखता है। अमरीकी सर्वोच्च न्यायालय को जहाँ न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति प्राप्त है, जिस कारण इसे संविधान का संरक्षक कहा जाता है, वहीं स्विट्जरलैण्ड में संघीय सर्वोच्च न्यायालय को केवल कैण्टनों के सम्बन्ध में ही न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति प्राप्त है। संयुक्त राज्य अमेरिका का सर्वोच्च न्यायालय कांग्रेस द्वारा निर्मित कानूनों या राज्य व्यवस्थापिकाओं द्वारा निर्मित कानूनों अथवा संघीय या राज्य सरकारों के प्रशासनिक कार्यों की संवैधानिकता के आधार पर जाँच करता है। इस कारण अमरीका में संघीय सर्वोच्च न्यायपालिका ने समस्त प्रशासनिक तंत्र में सर्वोच्च स्थिति प्राप्त कर ली है। न्यायिक पुनर्विलोकन की इस शक्ति के कारण सर्वोच्च न्यायालय को कांग्रेस का तृतीय सर्वोपरि सदन कहा जाता है।

इस प्रकार अमरीकी सर्वोच्च न्यायालय की तुलना में स्विस संघीय सर्वोच्च न्यायालय का अधिकार क्षेत्र बहुत अधिक सीमित है और इसी आधार पर यह कहा जा सकता है कि अमरीकी सर्वोच्च न्यायालय की तुलना में स्विस संघीय न्यायालय की स्थिति अत्यधिक हीन है।

Scanned with CamScanner